卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 95 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦12 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# अंबेडकर पार्क में ठेलियां लगाने पर फूटा गुस्सा

## भीम आर्मी और बसपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गांधी मैदान में आयाजित नारी वंदन कार्यक्रम के चलते प्रशासन द्वारा गांधी पार्क के पास लगने वाली ठेलियों को अम्बेडकर पार्क में स्थानांतरित किये जाने के विरोध में भीम आर्मी और बसपा के तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता अंबेडकर पार्क में एकत्रित हो गये और उन्होंने नारेबाजी के साथ जोरदार प्रदर्शन कर धरना दिया। उनका आरोप था कि प्रशासन द्वारा पूर्व में भी यहां ठेली लगवाकर इस भूमि को गंदगी से पाट दिया गया। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को इस पार्क में हमेशा अंबेडकर जयंती (शेष पृष्ठ सात पर)





## अंबेडकर पार्क में ठेली व्यवस्था स्थाई नहीं: शिव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंबेडकर पार्क में वर्तमान में लगाई गई ठेली प्रशासन की स्थाई व्यवस्था नहीं है। गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम के समापन के बाद यहां से समस्त ठेली हटा ली जायेंगी। यह बात विधायक शिव कुमार अरोरा ने आज अंबेडकर पार्क में ठेली लगाने को लेकर उठ रहे विरोध के स्वर का जवाब देते हुए कही । उन्होंने कहा कि सभी सामाजिक संगठनों के कार्यक्रम भी अंबेडकर पार्क में बिना किसी व्यवधान के सम्पन्न कराये जायेंगे। अंबेडकर पार्क में ठेली स्थाई रूप से नहीं लगाई गई हैं। जो लोग(शेष पृष्ठ सात पर)



# अंकिता हत्याकाण्ड में नाम आने पर कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा प्रदेश महामंत्री का पुतला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार का नाम सामने आने पर कांग्रेसियों ने यहां डीडी चौक पर भाजपा के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और नारेबाजी के बीच भाजपा नेता अजय कुमार का पुतला फूंका।इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड में जिस तरह अजय कुमार भाजपा संगठन मंत्री का नाम सामने आ रहा है जिसका जिक्र अंकिता के पिता ने पुलिस को लिख कर दिया है, लेकिन भाजपा सरकार अजय कुमार को बचाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता को शीघ्र गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। जिलाध्यक्ष गावा ने कहा कि भाजपा का बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा खोखला साबित हो रहा है। भाजपा के नेता ही बहन बेटियों की इज्जत से खेल रहे हैं। अंकिता हत्याकाण्ड के असली दोषियों को बेनकाब करने के बजाय मामले को दबाने और हत्याकाण्ड की पैरवी करने वालों पर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही हैं। भाजपा एक तरफ महिला सशक्तिकरण के दावे करती है तो दूसरी और मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में भाजपा का मण्डल अध्यक्ष नाबालिग से दुराचार करता है। श्री गावा ने कहा कि भाजपा मातृ शक्ति से वोट मांगने का अधिकार खो चुकी है। इस दौरान तमाम कांग्रेसी मौजूद थे।



# कस्टमर केयर पर फोन करना पड़ा भारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। साईबर ठगों ने खराब फ्रिज सही करने का झांसा देकर एक व्यक्ति के खाते से 1 लाख 89 हजार उड़ा लिये। पीड़ित की तहरीर के आधार पर साईबर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। साईबर पुलिस स्टेशन को दी तहरीर में वीरेन्द्र सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा, ने बताया कि उसका सैमसंग फ्रिज खराब होने पर उसने गूगल से सैमसंग के कस्टमर केयर का नम्बर निकालकर उस पर कॉल किया तो उन्होंने शिकायत की जानकारी लेकर बाद कुछ

**Ikbcj Bxk u [kkr I mMk ; 1-89 yk[k : i ;**

समय बाद कॉल बैक करने की बात कही। बाद में एक नंबर से कॉल आये कॉल करने वाले ने खुद को सैमसंग कस्टमर केयर का प्रतिनिधि बताकर फ्रिज और उसके कम्प्रेशर के सम्बन्ध में पूरी जानकारी ली। फिर उनके द्वारा एक एप्लीकेशन डॉउनलोड कराकर शिकायत दर्ज कराने के लिए अपने खाते में 5 रूपये डालने को कहा। जिस पर उन्होंने फोन पे से 5 रूपये का ट्रांजिक्शन कर दिया। उनका अगले दिन पुनः उसी नम्बर से मिस्त्री आया या नहीं पूछने के लिये कॉल आया और जल्द ही मिस्त्री आने की बात कही गयी।लेकिन मिस्त्री नहीं आया। जिस पर उन्होंने फ्रिज किसी और से ठीक करा लिया। अगले कुछ दिनों में उनके तीन खातों से अलग अलग बार 7 ट्रांजिक्शन के माध्यम से कुल 1 लाख 89 हजार 700 रुपये कट गये। साईबर पुलिस ने मामले तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




# संदिग्ध हालतों में युवक को गोली लगी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। दुकान के बाहर अपने दोस्तों के साथ बैठे एक युवक की पीठ में गोली जा लगी जिससे वह घायल हो गया। उसे डा. सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया जहां उसके पीठ में धंसी गोली डाक्टरों ने निकाल ली। युवक की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। मामला टीपी नगर क्षेत्र के जीतपुर नेगी का बताया जा रहा है। फिलहाल इस मामले में तहरीर नहीं दी गई है। टीपी नगर चौकी प्रभारी सुशील जोशी का कहना है कि अगर तहरीर आई तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं अंदेशा जताया जा रहा है कि जानवर को भगाने के लिए किसी फायर किया होगा, हालांकि इस पर अभी रहस्य बना हुआ है। जीतपुर नेगी रामपुर रोड निवासी राजू बढ़ई पुत्र चितरंजन बढ़ई टुकटुक चालक है। वह यहां पर अपनी अपनी डेढ़ साल की बेटी व माता-पिता के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि वह कुछ दिन पूर्व ही गाजियाबाद से यहां आया हुआ था। बीती रात यानि बुधवार की रात करीब 9 बजे अपने दोस्तों के साथ जीतपुर नेगी में ही ठेली पर बैठा था तभी उसकी पीठ पर गोली आ लगी जिससे वह लहुलूहान हो गया। उसे आनन फानन-फानन में एसटीएच ले जाया गया। जहां पर ऑपरेशन के बाद (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरों ने घर से नगदी और जेवर उड़ाए

रूद्रपुर । ट्रांजिट कैंप आजाद नगर में अज्ञात चोरों ने घर से हजारों की नगदी तथा जेवर चोरी कर लिए। परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दे दी है। रिंकू सिह पुत्र नरवीर सिंह निवासी वार्ड 7 आजाद ने बताया कि वह किराये पर रहता है। 9 जनवरी को रात 11बजे अपने रूम में परिवार वालो के साथ सौ रहा था। जब सुबह 4 बजे काम पर जाने के लिऐ उठा तो देखा कि रूम से दो फोन, नगद 15 हजार रुपए, सोने के कान के कुन्डल व चांदी की पायल रूम में नही था। काफी खोजवीन कि पर उक्त फोन व सामान का पता नही लगा। उक्त सामान रूम से किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## दोषी अधिकारियों के निलंबन की मांग

हल्द्वानी(उदसंवाददाता)। दुग्ध संघ लालकुआं में व्याप्त भ्रष्टाचार सहित कई मांगों को लेकर पैरोकार दुग्ध उत्पादक उपभोक्ता नैनीताल भुवन चंद्र पोखरियाल ने डेयरी विकास विभाग के निदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया है। साथ ही ज्ञापन के साथ मंडलायुक्त की जांच आख्या भी प्रेषित की गई है। निदेशक डेयरी विकास को भेजे



गए ज्ञापन में सामान्य प्रबंधक व अन्य जिम्मेदार अधिकारियों का निलंबन कर उनसे रिकवरी करने की मांग की गई। साथ ही रिकवर की गई धनराशि दुग्ध उत्पादकों के खाते में 10 रूपए प्रति लीटर के हिसाब से भगतान करने (शेष पृष्ठ सात पर)

# खटीमा में 15 जनवरी से निकलेगी श्री राम प्रभात फेरी

खटीमा( उद संवाददाता)। सनातन श्री रामलीला ग्राउंड में सर्व समाज की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद बना रहे रामलला के मंदिर के उद्घाटन से सप्ताह पूर्व नगर में सर्व समाज के द्वारा प्रात: जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठन मंदिर कमेटी से जुड़े हुए लोग, विभिन्न धार्मिक संगठनों की पदाधिकारी एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में प्रत्येक दिन श्री राम शोभा यात्रा निकालने के लिए अलग-अलग से पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी समाज सेवी मोहिनी पोखरिया, पंजाबी सभा के प्रदेश सचिव मनोज वाधवा वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता सतीश गोयल रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता पंजाबी सभा के



कालीन श्री राम प्रभात फेरी निकलने का निर्णय लिया गया। बैठक की रामलीला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं संचालन भानु प्रताप शास्त्री ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 15 जनवरी से 22 जनवरी तक प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली जाएगी व्यक्तियों को जिम्मेदारी सौंप गई। तय किया गया कि प्रात: कालीन श्रीराम शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई प्रत्येक दिन शोभायात्रा का स्वागत करने वाले परिवार के घर संपन्न होगी। जहां आरती के साथ प्रत्येक दिन में शोभायात्रा का समापन किया जाएगा। सर्व धर्म समाज की बैठक में मुख्य रूप संरक्षक बाबूराम अरोड़ा अग्रवाल सभा के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, सेवानिवृत शिक्षिका सावित्री कान्याल, नीलू गुप्ता धना भंडारी, अखंड भारतीय संस्था के अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन धामी, संजय गुप्ता,राहुल सक्सेना, अमर सिंह, सोनू डोरा, आकर्षण भटनागर उमेश भटनागर आदि उपस्थित थे।

# जयंती पर स्वामी विवेकानंद को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में स्वामी विवेकानंद यंग क्लब की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती पर मुख्य अतिथि दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता व पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति मालर्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा है। महज 25 वर्ष की आयु में सन्यास लेने वाले स्वामी विवेकानंद को रामकृष्ण परमहंस जैसे गुरु मिले। उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की। अमेरिका में आयोजित हुई धर्म संसद में हिंदी में भाषण देकर हर भारतीय को गौरवमयी महसूस कराया। उनके ज्ञानवर्धक विचार हर युवा की तरक्की में मार्गदर्शक है। युवा उनके विचारों का अनुसरण कर सफलता प्राप्त कर सकता है। इसी कारण स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दौरान तरुण दत्ता, संजय ठुकराल, संजीव गुप्ता, पूर्व पार्षद दिलीप अधिकारी, कार्यक्रम संयोजक परिमल राय, निर्मल मंडल, मोनू निषाद, बाबू सरदार, सिद्धार्थ सरकार, विधान मंडल, नरेश सरकार, अनूप विश्वास, रामपद विश्वास, गोपी गुप्ता, अशोक यादव, कृष्णपद विश्वास, एनल सरकार, विप्लव हालदार, मंगल, अरविंद विश्वास, शंकर विश्वास, बिशन दास, पप्पू मजूमदार, संजीव सरकार, गौतम मंडल, कार्यक्रम सहसंयोजक वजन मंडल,गौतम सिकदर, अमल राय, शुभम दास ,पिंटू राय आदि लोग उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्यपाल ने दी बधाई

देहरादून( उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने युवाओं के प्रेरणास्रोत, युगपुरुष स्वामी विवेकानंद की जयंती ''राष्ट्रीय युवा दिवस'' पर सभी नागरिकों विशेषत: युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या में जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी का दर्शन, सिद्धान्त और आध्यात्मिक विचार, युवाओं के लिए सशक्त ऊर्जा स्रोत हैं। राज्यपाल ने कहा कि युवा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाकर देश एवं प्रदेश के बदलाव का नेतृत्व करें। राज्यपाल ने कहा कि अमृतकाल के इस कालखंड में भारत को विकसित राष्ट्र एवं विश्व गुरु बनाने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश का युवा उस राष्ट्र की समृद्धि और पहचान है। उनकी सोच और सपनों से ही देश आगे बढ़ेगा। युवा आने वाले नए भारत की तस्वीर और तकदीर हैं। उन्होंने युवाओं से इस कालखंड का सदुपयोग करते हुए राष्ट्र एवं समाज की प्रगति में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का आह्वान किया है।

# धूमधाम से मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

गूलरभोज( उद संवाददाता)। हरेंद्र तोमर के प्रतिष्ठान पर स्वामी विवेकानंद की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई मिष्ठान भी वितरण किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी, जसवंत सिंह चौधरी, हरेंद्र तोमर, सतीश सिडाना, अमित कुमार गुप्ता, अंकित कुमार, हरिचंद छाबड़ा, शिवम रघुवंशी, रामकिशन दहूजा,भूपेंद्र आर्य, संजीव गुप्ता, बनवारी लाल, सुरेश कुमार चौधरी, सतबीर टीटू, रितिक गुप्ता, पवित्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।



# नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इग्नू ने शुरू किया चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।इग्नू ने शैक्षणिक सत्र जनवरी 2024 से चार वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम शुरू कर दिया है। छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक डिग्री पाठ्यक्रमों में पढाई का मौका मिलेगा। इसमें छात्रों को मल्टीपल एंट्री -एग्जिट का मौकामिलेगा अर्थात एक साल के बाद प्रमाणपत्र , दो साल के बाद डिप्लोमा , तीनसाल के बाद डिग्री और चार वर्ष के बाद ओनर्स (रिसर्च) की डिग्री मिलेगी। यूजीसी अध्यक्ष प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने हालही में इग्नू के चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रमों को लांच किया है। उन्होंनेकहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत इन चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम मेंछात्रों को पढाई के साथ-साथ कौशल विकास के बारे में भी जानने का मौका मिलेगा। इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने पाठ्यक्रमों की रूपरेखा के बारे में संक्षेप में बताया कि इग्नू में जनवरी 2024 सत्र से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केअनुरूप स्नातक के 17 प्रोग्राम में चार वर्षीय डिग्री कार्यक्रमशुरू हो चुके हैं। चार वर्षीय स्नातक डिग्री प्रोग्राम में चार वर्ष में कुल 160 क्रेडिट अर्जित करने होंगे। छात्रों के पास मल्टीप्लएंट्री-एग्जिट का विकल्प होगा अर्थात एक साल के बाद प्रमाण पत्र,दो साल के बाद डिप्लोमा, तीन साल की पढाई करने पर 120 क्रेडिट के साथ मानविकी में बीए इन मेजर , कॉमर्स में बीकॉम इन मेजर और साइंसस्ट्रीम में बीएससी इन मेजर की डिग्री मिलेगी। वहीँ चार साल की पढाई करने वाले छात्रों को 160 क्रेडिट अर्जितकरने पर ओनर्स ( रिसर्च ) की डिग्री मिलेगी। इन चार वर्षीय स्नातक डिग्री कार्यक्रमों मेंछात्र एक साथ मेजर डिग्री के साथ दूसरी माइनर डिग्री की पढाई भी कर सकेंगे।दोनों डिग्री के क्रेडिट उनकी मुख्य डिग्री में जुड़ेंगे। सभी छात्रों को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट का लाभ मिलेगा। इसके अलावा छात्रों को अपनी पसंद के किसी भी विषय की पढाई अन्य विश्वविद्यालयऔर स्वयं प्लेटफार्म से ऑनलाइन पढाई की भी आजादी होगी। इग्नू ने जनवरी 2024 सत्र में बीए-जी तथा बीएससी-जी के स्थान पर तीन विषयों के साथ स्नातक कार्यक्रम बीए-एम, बीएससी-एम प्रारम्भ किया है। यह पहली बार हुआ है कि जब इग्नू में तीन विषयों के साथ स्नातक कार्यक्रमउपलब्ध होंगे। इसका लाभ उन शिक्षार्थियोंको मिलेगा जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओंकी तैयारी कर रहे हैं अथवा अध्यापन क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं।

# विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

अल्मोड़ा( उद संवाददाता)। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशन एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अल्मोड़ा द्वारा 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक समस्त जनपद अल्मोड़ा में चलाए जा रहें वृहद नशा मुक्ति अभियान के अनुक्रम में व राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा शुचि शर्मा द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अल्मोड़ा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया व वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वामी विवेकानन्द जी की शिक्षाओं के विषय में जागरूक किया गया व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा (नशीली दवाओं के दुरुपयोग से पीड़ितों के लिए कानूनी सेवाएं और नशीली दवाओं के खतरे का उन्मूलन) योजना, 2015 , सामाजिक, मानसिक और शारीरिक संकट पैदा करने वाली नशीली दवाओं के दुष्प्रभाव ,साइबर अपराध, इंटरनेट और सोशल मीडिया धोखाधड़ी/घोटालों, कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, ई-ट्रू कॉपी मॉड्यूल, ई-सेवा केंद्र, मामलों की ई-फाइलिंग के बारे में जागरूक किया गया व सभी स्तरों पर पूर्ण और समान प्रतिनिधित्व और भागीदारी और सभी महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण, जरूरतमंद व्यक्तियों/वादियों/आम लोगों को ऑनलाइन कानूनी सेवाएं हेल्पलाइन नंबर-15100, नालसा के वेब पोर्टल एवं वेब साइट आदि की जानकारी दी गई व नशे के विरुद्ध जागरूक करने के लिए वहां उपस्थित छात्र-छात्राओं को पम्फलेट दिए गए ।व इस शिविर में प्रभारी प्रधानाचार्य गोपाल सिंह गैडाघ व प्रवक्ता दीपा जलाल, डॉक्टर बी सी पांडे ,डॉक्टर सरिता पांडे, डॉक्टर प्रकाश पंत प्रशासनिक अधिकारी गिरीश चंद्र नयाल, वरिष्ठ सहायक बीना बिष्ट ,ललित मोहन लोहानी व पैरा लीगल वालिंटियर वालंटियर भावना तिवारी उपस्थित रहीं।





सूर्य अराधना स्नानदान का पर्व मकर संक्रांति पर्व की तैयारियां शुरू हो गई है। रूद्रपुर शहर के बाजार भी तिल गुड़ के लड्डओं व गजक की खुशबू से महकने लगे हैं। साथ ही इसके लिए खरीददारी का दौर भी शुरू हो गया है मकर संक्रांति के चलते इस बार तिल गुड़ के लड्डू के साथ ही गजक की कई वैरायटियां बाजार में है। इसके अलावा मकर संक्रांति, लोहड़ी पर्व के लिए विशेष हैम्पर भी बाजार में उपलब्ध है। **फोटो एवं विवरण- दीपक शर्मा**

# एसएसपी ने विभिन्न थानों का किया निरीक्षण

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। एसएसपी देवेन्द्र पिंचा ने थाना लमगड़ा, भतरौजखान, सल्ट का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सभी थानों के परिसर, कर्मचारी बैरिक,थाना सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, मालखाना आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि थाना परिसर व थाना कार्यालयों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाय मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करें। किसी की संलिप्तता बर्दाश्त नही की जायेगी। कर्मचारी सम्मेलन में एसएसपी ने थाना लमगड़ा, भतरौजखान, सल्ट के पुलिस कर्मियों की समस्याएं भी सुनी। कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों को अभिलेखों को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिये गये व बीट कर्मचारियों को नियमित रुप से अपने बीट क्षेत्र में भ्रमण करने व बीट क्षेत्र की पूर्ण जानकारी रखते हुए गुड वर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। वहीं एसएसपी ने थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी।सर्वप्रथम थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा को एसएसपी अल्मोड़ा के पद पर नियुक्त होने की बधाई देकर स्वागत किया गया। गोष्ठी में उपस्थित जनों से क्षेत्र में बेहतर पुलिस व्यवस्था हेतु समस्याओं व सुझाओं पर चर्चा की गयी तथा बताये गये सुझावों पर कार्यवाही हेतु आश्वस्त किया गया तथा थाना क्षेत्र में शान्ति, कानून एवं यातायात व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रूद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817




किराये हेतु
रूद्रपुर में भगत सिंह चौक पर एक तीन मंजिला मकान ( बेसमेंट सहित ) किराये हेतु उपलब्ध है।
-सम्पर्क करें-
मो. 9012700007

# इंटरार्क कंपनी के मजदूरों को हाईकोर्ट से राहत

## कंपनी के प्लांटों से 12 मजदूरों की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंटरार्क कंपनी के श्रमिकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सिडकुल और किच्छा प्लांट के 12 मजदूरों की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। बता दें जिला प्रशासन की मध्यस्थता में संपन्न त्रिपक्षीय समझौता 15 दिसंबर 2022 को हुआ था ।जिसे राष्ट्रीय लोक अदालत की पीठ संख्या -09 और श्रम न्यायालय काशीपुर ने भी अपने आदेशों का भाग बनाया था। किंतु कंपनी प्रबंधन द्वारा उधमसिंह नगर जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुए उक्त समझौते और अदालतों के उक्त आदेशों का सम्मान करके समझौते के तहत उत्तराखंड राज्य से बाहर कंपनी की विभिन्न निर्माण साइडों पर 3 माह की ओडी से वापस लौटे 32 श्रमिकों को उनकी मूल नियोजक कंपनी में बहाल करने के स्थान पर उनका उत्तराखंड राज्य से बाहर गैरकानूनी रूप से स्थानांतरण कर दिया। जबकि कंपनी के प्रमाणित स्थाई आदेशों में और उत्तराखंड राज्य के मॉडल स्टेंडिंग ऑर्डर में स्पष्ट लिखा है कि श्रमिकों की पूर्व सहमति के बिना उनका राज्य से स्थानांतरण नहीं किया जा सकता है। जब 32 मजदूरों ने उत्तराखंड से बाहर किए गए उक्त गैरकानूनी स्थानांतरण को स्वीकार करने से इंकार कर दिया तो उनका अविधिक रूप से गेट बंदी कर दी गई। इसके खिलाफ मजदूरों की यूनियनों ने हाईकोर्ट नैनीताल का दरवाजा खटखटाया और हाईकोर्ट ने मजदूरों के उत्तराखंड राज्य से बाहर किए गए उक्त स्थानान्तरण पर पूरी तरह से रोक लगाते हुए आदेश 25 मई 2023 को पारित किया। इसके पश्चात कंपनी मालिक ने उक्त सभी 32 मजदूरों के उक्त स्थानांतरण पर रोक लगाकर उनकी वर्क फ्रॉम होम के तहत पूर्ण वेतन भुगतान करते हुए कार्यबहाली कर दी गई। उन्हें घर बैठाकर पूरा वेतन तो दिया गया लेकिन कंपनी में कार्य पर बहाल नहीं किया गया। आरोप है कि इसके बाद उक्त 32 मजदूरों की घरेलू जांच कार्यवाही के नाम पर उन्हें नौकरी से बर्खास्त करने की साजिश रची गई। जबकि उक्त त्रिपक्षीय समझौते में साफ साफ लिखा है कि घरेलू जांच के दौरान और पश्चात किसी भी श्रमिक को नौकरी से बर्खास्त नहीं किया जायेगा। कंपनी मालिक द्वारा समझौते और राष्ट्रीय लोक अदालत ,हाईकोर्ट उत्तराखंड और श्रम न्यायालय के उक्त आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए उक्त 12 मजदूरों को घरेलू जांच कार्यवाही के बहाने नौकरी से बर्खास्त कर दिया। तमाम प्रदर्शन करने के बावजूद प्रशासन द्वारा उक्त समझौते को लागू कराने के स्थान पर इंटरार्क मजदूर संगठन उधमसिंह नगर के महामंत्री सौरभ कुमार को ही पंतनगर थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया और जेल भेजने की नीयत से जिला कोर्ट में पेश किया गया तो कोर्ट ने पुलिस को ही कड़ी फटकार लगाई गई और सौरभ कुमार को तत्काल जमानत पर रिहा कर दिया । मजदूरों ने अपना आंदोलन जारी रखा ।दोनों प्लांटों की यूनियन द्वारा हाईकोर्ट उत्तराखंड में याचिका दाखिल करके मजदूरों के उक्त बर्खास्त करने के आदेश पर रोक लगाने और समझौते को लागू कराने की मांग की । हाईकोर्ट उत्तराखंड में सुनवाई जारी रही और 11 जनवरी को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सभी 12 मजदूरों की बर्खास्तगी पर रोक लगाकर आदेश पारित किया है।

# प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती

काशीपुर(उद संवाददाता)। जनजीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में मानपुर रोड स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई और इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा की स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से आवाहन किया था ,उठो जागो और जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो रुको मत ,ऐसे अद्वित्य मंत्र से युवाओं में लक्ष्य सिद्धि की अलख जगाने वाले स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को आगे बढ़ने का मंत्र दिया। वर्ष 1984 में भारत सरकार ने विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में घोषित किया था और वर्ष 1985 से इस दिवस को लगातार युवाओं के प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है ।हमारे देश में इस दिवस को मनाया जाने की सार्थकता इसलिए भी और बढ़ जाती है क्योंकि विश्व में सबसे अधिक युवा हमारे देश में है स्वामी विवेकानंद जी युवाओं को देश का भविष्य मानते थे और स्वामी विवेकानंद जी के विचार में आदर्श, स्वस्थ एवं संतुलित समाज की स्थापना के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए उनका कहना था युवाओं में सकारात्मक प्रवृत्ति के विकास हेतु अच्छी संगति भी आवश्यक है राष्ट्रीय युवा दिवस की सार्थकता तभी है जब हम स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्श एवं विचारधारा से प्रेरणा लेकर देश के सतत विकास में सहभागी बने। इस मौके पर बच्चों को विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरणा दी गई । जयंती समारोह में एडवोकेट संजीव आकाश, श्रीमती सिंधु आकाश के अलावा भास्कर त्यागी, देवांग मिश्रा, सैयद आसिफ अली, ममता मिश्रा, मंजू सक्सेना ,सारांश सक्सेना ,विवेक मिश्रा, शालिनी मिश्रा , आदि लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी शैलजा कुमारी से मिली मीना शर्मा

परूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मीना शर्मा दिल्ली में उत्तराखंड प्रभारी और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री शैलजा कुमारी से मिली। इस दौरान श्रीमती शर्मा ने कुमारी शैलजा को फूलों का गुलदस्ता देकर एवं शॉल ओड़ाकर उनका स्वागत किया। अपनी मुलाकात में श्रीमती शर्मा



ने कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा से कांग्रेस संगठन पर महत्वपूर्ण चर्चा की। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री कृष्ण शर्मा, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की सचिव सुनीता कश्यप, महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव सपना गिल, सहित कई अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित थे। इधर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा 15 जनवरी को प्रथम बार प्रदेश कांग्रेस कार्यालय देहरादून आ रही है, जहां कांग्रेस कार्यकर्ता उनका अभूतपूर्व स्वागत करेंगे ।

# विश्व के सबसे बड़े कवि सम्मेलन में काव्य पाठ करेंगे भुवनेश एवं कन्हैया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।दुनिया का सबसे बड़ा वर्चुअल कवि सम्मेलन बुलंदी संस्था के द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें शहर के दो कवि भुवनेश विराट एवं कन्हैया लाल स्नेही को काव्य पाठ



के लिए आमंत्रित किया गया है। बुलंदी संस्था द्वारा आयोजित यह कवि सम्मेलन हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड लंदन द्वारा विश्व रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा संस्था के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय कवि बादल बाजपुरी एवं संरक्षक अंतरराष्ट्रीय कवि पंकज प्रकाश द्वारा हल्द्वानी नगर के कवि भुवनेश विराट एवं कन्हैया लाल स्नेही को काव्य पाठ हेतु आमंत्रित किया गया है। बुलंदी संस्था ने वर्ष 2021 और 2022 में 207 घंटे और 400 घंटे अनवरत वर्चुअल कवि सम्मेलन आयोजित करवा कर दो बार विश्व रिकॉर्ड बना चुका है जिसे इंडिया वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज किया गया बुलंदी संस्था बाजपुर उत्तराखंड से आयोजित होती है।

# श्री बालाजी मंदिर का वार्षिक महोत्सव 17 एवं 18 जनवरी को: रमेश वशिष्ठ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित सिद्धेश्वर श्री बालाजी मंदिर धाम में 24वां श्री बालाजी वार्षिक महोत्सव 17 और 18 जनवरी को धूमधाम से मनाया जायेगा। जानकारी देते हुए महंत श्री रमेश वशिष्ठ ने बताया



कि हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री बालाजी वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाने की तैयारियां की जा रही हैं। वार्षिक महोत्सव के अंतर्गत 17 जनवरी को विशाल शोभा यात्रा दोपहर 2 बजे निकाली जायेगी। इसी दिन प्रात: आठ बजे से संकट निवारण महायज्ञ प्रात: 8 बजे शुरू होगा। 18 जनवरी को रात्रि साढ़े सात बजे महाआरती होगी एवं विशाल भंडारा आयोजित होगा। भव्य श्री बालाजी दरबार रात्रि आठ बजे से शुरू होगा। जिसमें मुम्बई की मशहूर भजन गायक अंजली सागर एवं जयपुर की सुरभि चतुर्वेदी अपने भजनों से बालाजी महाराज का गुणगान करेंगी। इसके अलावा अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 22 जनवरी को प्रात: दस बजे से भव्य सुंदर काण्ड पाठ एवं दोपहर बारह बजे से विशाल भंडारा आयोजित होगा। महंत रमेश वशिष्ठ ने सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# एसएसपी ने ग्राम प्रहरियों को वितरित किए गरम टोपी और जैकेट

## शीतलहर और घने कोहरे से बचाव के लिए जनपद में तैनात 512 ग्राम प्रहरियों को उपलब्ध करायी सुविधा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एसएसपी डॉ. मंजुनाथ टीसी ने बृहस्पतिवार को पुलिस कार्यालय में जिले के 512 ग्राम प्रहरियों को गरमटोपी और जैकेट बांटे। एसएसपी ने बताया कि ग्राम प्रहरी पुलिस को निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके कल्याण के लिए सीएसआर स्कीम के माध्यम से गरम टोपी और जैकेट बांटे गए। जिले में शीतलहर और घने कोहरे का प्रकोप चल रहा है। पूर्व में भी जिले में पुलिस कर्मियों के कल्याण के लिए रिफ्लेक्टर जैकेट, हीटर और अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। एसएसपी उधमसिंहनगर डॉ0 मंजुनाथ टी सी ने कड़ाके की ठंड के सीजन को देखते हुए जनपद उधमसिंहनगर के 512 ग्राम प्रहरियों को गरमटोपी और जैकेट सीएसआर स्कीम के अंतर्गत वितरित किए गए है। एसएसपी ने बताया कि उधमसिंहनगर पुलिस कल्याण कार्यों के लिए लगातार प्रयासरत रहती है। जनपद उधमसिंहनगर में शीतलहर के चलते व घने कोहरे का प्रकोप चल रहा हैं और विषम परिस्थितियों में पुलिस बल ड्यूटी करता रहता हैं, पूर्व में भी जनपद में पुलिस कर्मियों के कल्याण हेतु रिफ्लेक्टर जैकेट व हीटर और अन्य सुविधा उपलब्ध कराई गई हैं। पुलिस कार्यालय रुद्रपुर में एसएसपी उधम सिंह नगर द्वारा ग्राम प्रहरी जो की पुलिस को निरंतर अपनी सेवाएं दे रहें हैं, उनकी सुविधा हेतु सीएसआर स्कीम के माध्यम से पुलिस कल्याण के लिए ग्राम प्रहरियो को कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए 512 गरमटोपी/जैकेट वितरित किए गए। एसएसपी उधमसिंहनगर महोदय द्वारा पुलिस कल्याण/पुलिस हित संबंधित कार्यों के लिए प्रयास लगातार रहेगा जारी।





# धामी कैबिनेट का बड़ा फैसला, प्रदेश में लागू रहेगी नजूल नीति

## गौलापार शिफ्ट होगा हाईकोर्ट,छावनी परिषद से बाहर होंगे नागरिक क्षेत्र

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश में नजूल नीति 2021 अधिनियम बनने तक लागू रहेगी। दिसंबर में नजूल नीति की समय सीमा खत्म हो गई थी, प्रदेश



मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को इसे फिर से लागू करने की मंजूरी दे दी। नीति के प्रभावी होने से देहरादून, हरिद्वार, ऊध म सिंह नगर और नैनीताल के हल्द्वानी क्षेत्र के शहरी क्षेत्रों में नजूल भूमि पर काबिज हजारों परिवारों को राहत मिलेगी। सरकार ने अधिनियम बनाने के लिए विधेयक विस से पारित कर राजभवन भेजा था। राजभवन ने इसे केंद्र सरकार के विचाराधीन भेज दिया था। जब तक अधिनियम नहीं बनेगा तब तक नीति के तहत नजूल भूमि फ्री होल्ड कराई जा सकेगी। राज्य सचिवालय में सीएम पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में 16 में से 15 प्रस्तावों पर मुहर लगी। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने फैसलों की जानकारी दी। कैबिनेट में उत्तराखंड में गन्ना मूल्य बढ़ाने के प्रस्ताव पर सहमति नहीं बनीं। गन्ने का मूल्य 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने का प्रस्ताव था। अपर मुख्य सचिव वित्त को गन्ना मूल्य बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हाईकोर्ट गौलापार (हल्द्वानी) में जिस स्थान पर शिफ्ट होगा, कैबिनेट ने उस स्थान के आसपास के क्षेत्रों में नियोजित विकास के लिए फ्रीज जोन घोषित करने का निर्णय लिया है। मास्टर प्लान बनने तक यहां भूमि की खरीद-फरोख्त नहीं हो सकेगी। एक साल में मास्टर प्लान बनकर तैयार हो जाएगा। नया हाईकोर्ट 26.08 हेक्टेयर भूमि पर बनेगा। कैबिनेट ने प्रदेश के नौ छावनी क्षेत्र अल्मोड़ा, रानीखेत, लैंसडौन, देहरादून, क्लेमेंटटाउन, नैनीताल, रुड़की, चकराता व लंढौर के गैर सैनिक नागरिक क्षेत्रों को बाहर रखने का सैद्धांतिक फैसला ले लिया है। इन क्षेत्रों में आवागमन और अन्य सुविधाओं को लेकर नागरिक क्षेत्रीय आबादी को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। मुख्य सचिव के मुताबिक, छावनी क्षेत्रों के अभी भूमि व कर्मचारियों से संबंधित मुद्दे हैं, जिनके समाधान के लिए अभी और बैठकें होंगी। विधानसभा सत्र आहूत करने के प्रस्ताव पर कैबिनेट ने निर्णय लेने का अधिकार मुख्यमंत्री को दे दिया। सरकारी नौकरियों में राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण संबंधी विधेयक को लेकर सत्र आहूत करने की मांग हो रही है। उत्तराखंड मूल्यवर्धित कर अधिनियम (वैट) का बकाया टैक्स जमा करने के लिए प्रदेश सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को तीन माह के लिए बढ़ा दिया। इससे पांच हजार व्यापारियों को राहत मिलेगी। स्कीम के तहत बकाया टैक्स जमा करने पर ब्याज और अर्थदंड में छूट का लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने हरिद्वार-ऋषिकेश गंगा कॉरिडोर की स्पेशल परपज व्हीकल (एसपीवी) निरस्त कर दी है। अब यह कार्य उत्तराखंड निवेश व अवस्थापना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) करेगा। सीएम की अध्यक्षता में बोर्ड की हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया था। राजकीय महाविद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 25 खाली पदों पर संविदा से होगी भर्ती। स्मार्ट सिटी के लिए एमडीडीए के तहत बनाई ग्रेटर दून विकास प्राधिकरण लि. समाप्त। -उत्तराखंड आयुष विभाग में मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर नहीं अपर निदेशक ही बनेंगे निदेशक, नियमावली संशोधन। -खटीमा सिविल कोर्ट परिसर में अधिवक्ता चौंबर बनाने के लिए भूमि 90 नहीं 30 वर्ष की लीज पर मिलेगी। पेराई सत्र 2023-24 के लिए डोईवाला, किच्छा, नादेही व बाजपुर चीनी मिल के गन्ना मूल्य भुगतान के लिए 409.47 करोड़ की प्रत्याभूति मंजूर। श्री केदारनाथ धाम में ओम मूर्ति को रखे जाने वाले स्थान के निर्माण का कार्य गुजरात वडोदरा की इनफाइन आर्ट वेंचर कंपनी को मिला। बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के विभिन्न सेवा संवर्गों के सीधी भर्ती के पदों पर संविलियन किए जाने को नियमावली मंजूर की गई। सिंचाई विभाग में राज्य बांध सुरक्षा संगठन हर वर्ष के आखिर तीन माह के भीतर अपनी गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा जिसे विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा।यूपीसीएल की वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 की वार्षिक वित्तीय रिपोर्ट विधानसभा पटल पर रखी जाएगी।




## राज्य आंदोलनकारियों के क्षैतिज आरक्षण के लिए जल्द आहूत होगा विधानसभा सत्र

देहरादून। राज्य आंदोलनकारियों को नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर जल्द ही विधानसभा सत्र आयोजित होगा। मंत्रिमंडल ने सत्र बुलाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया है। उधर, संसदीय कार्यमंत्री प्रेमचंद अग्रवाल भी शीघ्र विधानसभा सत्र बुला कर राज्य आंदोलनकारियों के लिए क्षैतिज आरक्षण पारित कराने की बात कह चुके हैं। राज्य आंदोलनकारी आरक्षण के लिए विधानसभा सत्र की उम्मीद लगाए हैं। मानसून सत्र के दौरान प्रदेश सरकार ने 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण विधेयक सदन में पेश किया था। लेकिन कुछ विधायकों ने सभी भर्तियों में आरक्षण का लाभ देने की मांग को लेकर विधेयक पर सवाल खड़े किए थे। इस पर विधेयक को प्रवर समिति को सौंपा गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल की अध्यक्षता में प्रवर समिति ने आरक्षण को लेकर सभी पहलुओं पर गहन मंथन करने के बाद रिपोर्ट विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण को सौंप दी है। राज्य आंदोलनकारियों को उम्मीद है कि जल्द ही सरकार विधानसभा सत्र बुलाकर आरक्षण विधेयक पारित करेगी। उधर, समान नागरिक संहिता विधेयक को भी सदन में पेश करने की चर्चा है।

## ब्राह्मण महासभा आयोजित किया भंडारा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड की ओर से कुमायूं मंडल अध्यक्ष पंडित रामकृष्ण शर्मा के गल्ला मंडी स्थित प्रतिष्ठान पर पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में बुजुर्गों को शॉत वितरण के साथ ही भंडारा भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर पंडित बीडी शर्मा संरक्षक, पंडित अमित तिवारी सलाहकार, अरविंद मिश्रा, पंडित गजानंद शर्मा, पंडित श्रीमती सुभाष द्विवेदी, रागिनी मिश्रा, पंडित पुनीत तिवारी, हरिओम शर्मा, आदि का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया।जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पंडित सुरेश चंद शर्मा, पंडित बी डी शर्मा, अरविंद मिश्रा, जुगल बल्लभ गोस्वामी, रामकिशन शर्मा, पुनीत, प्रवीण गोयल, श्री कृष्ण वत्स, राहुल भारद्वाज, ऋषि भारद्वाज, शुभम शर्मा मुकेश , अंकित शर्मा ,राकेश शर्मा ,अनूप शर्मा ,अशोक शर्मा ,रागिनी मिश्रा, सुभाषित द्विवेदी, दिनेश कामरा, प्रवीण गोयल ,सुभाष शर्मा, राकेश जैन ,रविंद्र सती, जैन ,आदि लोग उपस्थित थे ।



# कुंडा व काशीपुर में आतंक का पर्याय बन चुके हैं भू माफिया

## विकास प्राधिकरण व राजस्व के अधिकारियों की तालू से चिपकी जुबान

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडा तथा काशीपुर थाना क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर भू माफियाओं का आतंक लोगों के सिर चढ़कर कर बोल रहा है। बैलजोड़ी मोड पर बेस पॉइंट के सामने नियम कायदों को ताक पर रखकर भूमिया ध ड़ल्ले से कालोनियां काट रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर शहर के कुछ रसूखदारों ने कुंडा चौराहे के समीप एक बड़े भूभाग पर कॉलोनियों को काटकर उसे रियाईशी व व्यवसायिक दुकानों का स्वरूप देते हुए उसको सेल आउट करना शुरू कर दिया। इसी तरह कुंडा चौराहे से हरियावाला की ओर जाने वाली मार्ग पर बाबरखेड़ा मोड़ के समीप प्रॉपर्टी डीलरों ने आम अमरूद के दर्जनों हरे भरे वृक्षों पर आरी चला कर उन्हें धराशाई करते हुए उपजाऊ जमीन के बड़े हिस्से पर पर कंस्ट्रक्शन शुरू कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि उक्त स्थान पर जहां निर्माण कार्य चल रहा है यहां अभी और सैकड़ो हरे-भरे आम अमरूद के वृक्ष भू माफियाओं के निशाने पर है। इसी तरह बड़े गुरुद्वारे के ठीक पीछे ईदगाह के समीप ढेला नदी के छोर पर एक प्रॉपर्टी डीलर ने नियम विपरीत तरीके से प्लाटिंग कर उसे बेचने का काम कर रहा है। ढेला नदी में प्रतिवर्ष आने वाली भयंकर बाढ़ को नजरअंदाज करते हुए यहीं समीप एक रिसोर्ट भी निर्माणाधीन है। माना जा सकता है कि ढेला नदी के बाढ़ का वेग बारिश में कभी तेज हुआ तो अनगिनत जिंदगिया अनायास ही मौत के मुंह में चली जाएगी। इसी तरह डाकिया गुलाबो रोड पर एक लॉ कॉलेज के समीप कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने सुनियोजित तरीके से दर्जनों एकड़ भूमि पर नियम विपरीत प्लाटिंग कर रखी है जिसे मनमानी दामों पर बेचे जाने का काम किया जा रहा है। यानी कुल मिलाकर भू माफिया यहां आपे से बाहर है। समय रहते सरकार ने यदि इन पर नकेल नहीं कसा तो भविष्य के परिणाम गंभीर हो सकते हैं क्योंकि भू माफियाओं ने अब अपनी गिद्ध दृष्टि निजी जमीनों के अलावा सरकारी जमीनों पर भी गड़ा दी है। सूत्रों की माने तो दर्जनों स्थानों पर भू माफियाओं द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण भी कराए जा चुके हैं।





## तत्कालीन डीजीपी ने तैयार किया था एक्शन प्लान

काशीपुर। भूमाफियाओं के खिलाफ पूर्व में तत्कालीन डीजीपी अशोक कुमार द्वारा तैयार किया एक्शन प्लान वर्तमान में निष्क्रिय हो चला है यही कारण है कि भू माफियाओं ने एक बार फिर से नियम कायदों को ताक पर रखकर सरकार के राजस्व में सेंधमारी शुरू कर दी। भू माफियाओं के खिलाफ तैयार किया गया एक्शन प्लान वर्तमान में लगभग दम तोड़ चुका है। इस एक्शन प्लान में भू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई संपत्तियों को जप्त करने के भी निर्देश जारी किए गए थे। हिस्ट्रीशीट खोलने तथा शास्त्रों के लाइसेंस निरस्त करने का भी प्रावधान है।

## ब्योरा खंगालने पर नतीजे हो सकते हैं चौंकाने वाले

काशीपुर। जिन्हें कभी फांकें की नौबत रहा करती थी, जो टायरों में पंचर लगाकर परिवार की आजीविका चलाते थे आज वह पेट्रोल पंप तथा फैक्ट्रियों के मालिक बनकर आलीशान कोठियां में जिंदगी काट रहे हैं। अकूत धन दौलत के मालिक बन बैठे हैं। आयकर विभाग ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन्हें सूचीबद्ध क्यों नहीं करता यह अपने आप में अहम सवाल है। सूत्रों का कहना है कि परोक्ष अपरोक्ष रूप में प्रॉपर्टी डीलिंग के धंधे से जुड़े ऐसे लोगों की संपत्तियां का यदि ब्योरा खंगाला जाए तो चौंकाने वाले नतीजे सामने आ सकते हैं।

# अल्पसंख्यक आयोग ने जनसुनवाई में 14 शिकायतों का किया निस्तारण

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।विकास भवन सभागार में उत्तराखण्ड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष मजहर नईम नवाब की अध्यक्षता में आयोग को प्राप्त शिकायती प्रकरणों की जन–सुनवाई अदालत बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयोग द्वारा 48 शिकायती प्रकरणों को सुनते हुए 17 शिकायती प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जन–सुनवाई बैठक में वसीम रजा, नैनीताल के शिकायती प्रकरण में महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड पॉवर कॉरपोरेशन लि० देहरादून तथा मुख्य अभियन्ता, वितरण खण्ड, कुमांऊ क्षेत्र, हल्द्वानी के आयोग के समक्ष उपस्थित न होने, सईदुल रहमान, ऊधमसिंहनगर के शिकायती प्रकरण में महाप्रबन्धक, क्षेत्रीय कार्यालय हल्द्वानी एवं लीड बैंक अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक, ऊधमसिंहनगर के आयोग के समक्ष उपस्थित न होने के कारण एवं हलीम मुहम्मद, ऊधमसिंहनगर के शिकायती प्रकरण में उपजिलाधिकारी, खटीमा के आयोग के समक्ष उपस्थित न होने के कारण अनुपस्थित अधिकारियों को 20 जनवरी 2024 को प्रातः 11बजे स्पष्टीकरण सहित कैम्प कार्यालय हल्द्वानी में उपस्थित होने के कड़े निर्देश दिये। उन्होने मौ० जमा, नैनीताल के शिकायती प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक, हल्द्वानी को निर्देशित किया गया कि संबंधित मकान मालिक व डॉ० शहजाद, ईएनटी विभाग, सुशीला तिवारी अस्पताल एवं संबंधित प्रकरण में जांच अधिकारी सहित अपने कैम्प कार्यालय में 20 जनवरी को प्रातः 11बजे ससमय उपस्थित हों। उपाध्यक्ष ने कु० सना परवीन अल्मोड़ा के शिकायती प्रकरण में कुल सचिव, कुमांऊ विश्वविद्यालय नैनीताल को निर्देश देते हुए कहा कि प्रकरण में कु० सना से परीक्षा शुल्क जमा कराते हुए 10 दिन के अन्दर परीक्षा जनपद अल्मोड़ा के विश्वविद्यालय में सम्पन्न कराते हुए समस्या का समाधान करें। मसूद हुसैन अंसारी, सहायक अध्यापक, नैनीताल के शिकायती प्रकरण में निदेशक, मा० शि० विभाग, देहरादून एवं लोक सेवा आयोग, हरिद्वार को तत्काल छात्र हित में शिक्षा विभाग द्वारा प्रस्तुत अधियाचन के अनुसार विज्ञाप्ति जारी करने को कहा गया। अयूब अंसारी जिला–ऊधमसिंहनगर के शिकायती प्रकरण में जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर को कहा कि पूर्व में मा० उच्च न्यायालय, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में अल्पसंख्यकों की धार्मिक भावनाओं के दृष्टिगत पहाडगंज स्थित मस्जिद में अस्थाई रूप, से टीन शैड का निर्माण कर जनहित में समस्या का समाधान करें। सुनवाई में समस्त अधिकारीगणों को निर्देशित करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के समस्याओं का त्वरित निराकरण करें। यदि अनावश्यक रूप से किसी का उत्पीड़न या अन्य प्रकार से परेशान कर विभेद किया जाता है, तो आयोग सुसंगत धाराओं में कार्यवाही करेगा। जन–सुनवाई बैठक में उपाध्यक्ष इकबाल सिंह, सदस्य मौ० तस्लीम, सचिव जगदीश सिंह रावत एवं श्रीमती रामा प्रवीन, वैयक्तिक सहायक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमन अनुरूद,नगर आयुक्त, नगर निगम रूद्रपुर, काशीपुर, उपजिलाधिकारी काशीपुर, रुद्रपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सितारंगज, बाजपुर, काशीपुर, मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल, ऊधमसिंहनगर, व लीड बैंक अधिकारी, जिला अग्रणी बैंक ऊधमसिंहनगर व विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक व शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग के अन्य अधिकारी सूचना सहित उपस्थित थे।



# केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने किया सरस मेले का शुभारम्भ

रुद्रपुर। गांधी पार्क में आयोजित हो रहे 10 दिवसीय राष्ट्रीय सरस मेले का शुभारंभ केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस मेले से लोगों को देश प्रदेश के विभिन्न उत्पाद एवं संस्कृति से परिचित होने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम तैयार किए गए उत्पादों से आत्मनिर्भरता की एक नई सोच मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के माध्यम से आयोजित किए जा रहे इस सरस मेले से लोगों को नए नए उत्पादों को खरीदने का मौका मिलेगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मेले का आनंद लें एवं उत्पादों की खरीद करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओं की आर्थिकी बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जिसकी छवि भी इस मेले के माध्यम से लोगों को देखने को मिलेगी।इस दौरान सूचना विभाग की संस्कृति टीम द्वारा नंदा राजजात की सुंदर प्रस्तुति से लोगों का मन मोह साथ ही कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समा बांध ।।इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।इस दौरान विधायक रुद्रपुर शिव अरोड़ा, जिला अध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, प्रदेश महामंत्री भाजपा विकास शर्मा, दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तम दत्ता,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी समेत अन्य उपस्थित रहे।









# खेल ध्वज रैली के लिए प्रशासन ने बनाई रूपरेखा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। 38वें राष्ट्रीय खेलों के प्रचार प्रसार हेतु राष्ट्रीय खेल ध्वज के माध्यम से रैली के आयोजन हेतु जिलाधिकारी उदय राज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान रैली के रूट प्लान आदि के बारे में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इस रैली में स्कूली छात्र छात्राओं एवं खेल प्रेमियों को सम्मिलित करते हुए अधिक से अधिक प्रचार



प्रसार किया जाए । जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि विभिन्न विभागों से समन्वय करते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से 38वें राष्ट्रीय खेलों कनप्रचार प्रसार किया जाए।इस दौरान एसपी चंद्रशेखर घोड़के, मुख्य कोषाधिकारी डॉ पंकज कुमार शुक्ल, नगर आयुक्त रुद्रपुर नरेश दुर्गापाल, एसडीएम सदर मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडे, जिला खेल अधिकारी गिरीश कुमार, महासचिव उत्तराखंड ओलंपिक संघ डीके सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# औचक निरीक्षण में 16 घरेलू सिलेण्डर जब्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उपायुक्त एवं जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र, किच्छा रोड़ व गांधी पार्क क्षेत्र में चलाए गए औचक निरीक्षण अभियान के दौरान अवैध रूप से व्यवसायिक उपयोग हो रहे 16 घरेलू सिलेण्डर जब्त कर कार्रवाई करते हुए सभी सिलेण्डर बोरा गैस सर्विस के सुपुर्द कर दिए गए। यह जानकारी देते हुए पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला पूर्ति अधिकारी विपिन कुमार के निर्देशानुसार उनके नेतृत्व में अनुसेवक मुन्ना लाल व खड़क सिंह के साथ ट्रांजिट कैंप , जगतपुरा, आवास विकास, फुलसुंगा, तीनपानी डाम, किच्छा रोड़, मुखर्जीनगर, विवेक नगर, शिव नगर तथा गांधी पार्क आदि स्थानों पर गैस की अवैध रिफलिंग व नियमों के विरुद्ध सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग तथा घरेलू सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान टीम ने अलग अलग स्थानों से नियमों के विरुद्ध इस्तेमाल किए जा रहे कुल 16 घरेलू सिलेण्डर जब्त कर लिए। जिनमें एक भारत गैस , ग्यारह इंडेन व चार सिलेण्डर एचपी गैस के शामिल हैं। पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि जब्त किए गए सभी 16 सिलेंडरों की बोरा गैस सर्विस, रामपुर रोड के सुपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि घरेलू सिलेंडरों की अवैध रिफलिंग, कालाबाजारी तथा व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध विभागीय अभियान निरन्तर जारी रहेगा।



# भाजपा ने प्रचार को चलाया स्लोगन कार्यक्रम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा 14 जनवरी तक क्षेत्र के विभिन्न दीवारों पर पार्टी के प्रचार प्रसार के लिए स्लोगन का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें अबकी बार फिर मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार, जय भाजपा विजय भाजपा सदैव बीजेपी, आदि स्लोगन लिखे गये। जिसके तहत विठौरिया मंडल में भी दीवार लेखन का कार्यक्रम शिवालिक विहार में संपन्न हुआ। सभी मंडल के पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी और सभी कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व महापौर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, पूर्व प्रदेश महामंत्री गजराज सिंह बिष्ट, सुरेश गौड़ अध्यक्ष विठौरिया मंडल, दीपक सनवाल, दीपक बिष्ट, प्रवीन जोशी, चम्पा नेगी, कंचन उप्रेती, दिगम्बर भोजक, नरेश खुल्वे आदि लोग मौजूद रहे।






## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# शहरों का स्वच्छता सर्वेक्षण

शहरों की स्वच्छता प्रशासनिक संजीदगी और सक्रियता के साथ-साथ वहां रहने वालों के नागरिक बोध का भी पता देती है। इस मामले में निस्संदेह इंदौर ने फिर से मिसाल कायम की है। वह सातवीं बार देश के स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आया है। इस बार गुजरात का सूरत भी कंधे से कंधा मिलाकर उसके साथ खड़ा हो गया है। दोनों शहर पहले स्थान पर आए हैं। राज्यों में महाराष्ट्र को पहला स्थान मिला है और गंगा किनारे के शहरों में वाराणसी को। सफाईमित्र सुरक्षा के लिहाज से चंडीगढ़ ने पहले स्थान पर जगह बनाई है। गौर करें तो स्वच्छता सर्वेक्षण की तालिका में वही राज्य और शहर इस बार भी परस्पर प्रतिस्पर्धा करते हुए आगे निकलने की कोशिश करते देखे गए, जो कई वर्ष से होड़ में रहे हैं। बाकी राज्यों और शहरों से बहुत उत्साहजनक तस्वीर नहीं आई है।स्वच्छता सर्वेक्षण शहरों की नगरपालिकाओं और नागरिकों में साफ-सफाई के प्रति प्रतिस्पर्धात्मक जागरूकता पैदा करने के मकसद से शुरू किया गया था। इसके आकलन के लिए कुछ पैमाने बनाए गए हैं। मसलन, घर-घर जाकर कूड़ा इकट्ठा करना, अगलनीय कचरे को अलग रखना, कचरे का पुनर्चक्रण आदि। इस प्रयास के बेहतर नतीजे भी देखने को मिले हैं।सब जानते हैं कि स्वच्छता से जीवाणुओं और विषाणुओं के जरिए फैलने वाली अनेक बीमारियों पर लगाम लगाई जा सकती है। मच्छर और मक्खियों से फैलने वाली बीमारियों पर काबू पाना अब भी एक बड़ी चुनौती है। हर वर्ष बरसात के समय बड़ी संख्या में लोग इन बीमारियों की चपेट में आ जाते हैं। उनमें से बहुत सारे बच्चे असमय काल कवलित हो जाते हैं। इसके बावजूद गंदगी दूर करने को लेकर लोगों में अपेक्षित नागरिक बोध नहीं पैदा हो पाता। देश के बहुत सारे शहरों की नगरपालिकाएं कचरे का उचित निस्तारण नहीं कर पातीं। इसका नतीजा यह देखने को मिलता है कि जगह-जगह कचरे का ढेर जमा रहता है। जहां कचरा उठाया भी जाता है, वहां उसका उचित पुनर्चक्रण नहीं हो पाता। दिल्ली इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां कचरे के पहाड़ खड़े हैं और उन इलाकों में रहने वाले, उन इलाकों से होकर गुजरने वाले हर समय जोखिम में रहते हैं। इन कचरे के पहाड़ों को खत्म करने को लेकर राजनीति भी चलती रहती है। यही स्थिति सफाई कर्मियों की सुरक्षा को लेकर है। वे हर समय जोखिम भरे वातावरण में काम करने को मजबूर हैं। सीवरों की सफाई के लिए आज भी मशीनों के बजाय सीधे लोगों को गटर में उतार दिया जाता है। इसकी वजह से हर वर्ष अनेक मौतें भी हो जाती हैं। पर्यावरण प्रदूषण के बढ़ते खतरों के मद्देनजर भी साफ-सफाई, कचरे के निस्तारण, पुनर्चक्रण आदि में व्यावहारिक उपाय आजमाने पर जोर दिया जाता रहा है। अब तो मशीनों के इस्तेमाल ने इस काम को काफी आसान बना दिया है, मगर फिर भी अनेक नगरपालिकाएं इसे लेकर शिथिल ही नजर आती हैं।यह ठीक है कि छोटे शहरों में स्वच्छता उपायों पर अमल कुछ आसान होता है, मगर जब मुंबई जैसा शहर भी इस दिशा में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है, तो दूसरे महानगरों को इस मामले में कोई बहाना तलाशने की तुक नहीं बनती। जिन शहरों ने स्वच्छता के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं, उनसे प्रेरणा लेते हुए घर-घर से कूड़ा उठाने, सीवर के गंदे जल को नदियों में मिलने से रोकने, कचरा पुनर्चक्रण, हरित तकनीक और सफाईमित्रों के सुरक्षा संबंधी उपाय आजमाने की कोशिश दूसरे शहर क्यों नहीं कर सकते।

# इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुए अनूठे, साहसिक कृत्य

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। दिल्ली एनसीआर स्थित देश की आधिकारिक रिकॉर्ड-कीपर, इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स (आईबीआर) लगातार प्रतिभाओं का समर्थन करते हुए साहसी कृत्यों को बढ़ावा देती रही है। पिछले कुछ हफ्तों में कई गतिविधियां कीर्तिमानों के रूप में दर्ज की गईं। इनमें आरोग्य पीठ, आचार्य राम गोपाल दीक्षित, डॉ. किरमे शंकर नारायण, वेध एक्टिंग अकादमी, रोटरी क्लब ऑफ मुंबई, और देवाक्षी ग्रेस मुखर्जी के नाम उल्लेखनीय हैं। तमिलनाडु में कोयंबटूर के नागराज बी ने छात्रों को विभिन्न विषयों पर 24 घंटे का सबसे लंबा वित्तीय व्याख्यान दिया। एमएस धोनी रिकॉर्ड बनाया। अपनी बेटी के पहले जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए 10,00,200 बार आई लव यू लिखने का रिकॉर्ड सिकंदराबाद के जैन्थन फ्रांसिस ने बनाया। महाराष्ट्र के गीता धर्म मंडल ने एक ही स्थान पर 10,697 लोगों द्वारा भगवद गीता का पाठ करने का रिकॉर्ड बनाया। आचार्य राम गोपाल दीक्षित द्वारा करने का रिकॉर्ड बनाया। एक नाटक में परफॉर्म करने वाले छात्रों की अधिकतम संख्या का रिकॉर्ड श्री मुद्रा कला निकेतन के सहयोग से डोंबिवली, ठाणे की वेध एक्टिंग अकादमी द्वारा स्थापित किया गया। यह अपूर्वा प्रोडक्शंस की प्रस्तुति थी। सबसे ऊंचा कार्डबोर्ड क्रिसमस ट्री बनाने का रिकॉर्ड रोटरी क्लब ऑफ





से कुछ का उल्लेख इसके संबद्ध प्रकाशन एशिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में भी किया गया है। जो व्यक्ति एवं संगठन अपने-अपने क्षेत्र में पहचान स्थापित कर प्रसिद्धि के शिखर पर पहुंचे, उनमें नागराज बी, एमएस धोनी ग्लोबल स्कूल, विष्जडम ट्री किड्ज स्कूल, जैन्थन फ्रांसिस, गीता धर्म मंडल, ग्लोबल स्कूल, बेंगलुरु ने एमएसडी एडुकार्निवल एक्सपो 24 के दौरान, संयुक्त राष्ट्र के 17 सतत विकास लक्ष्यों की थीम के तहत 297 परियोजनाएं चलाकर एक रिकॉर्ड बनाया। पोलाची, कोयंबटूर के विजडम ट्री किड्ज स्कूल ने स्मार्ट बिन के विकास में भाग लेने वाले बच्चों की अधिकतम संख्या का आयोजित वैलनेस न्यूरोथेरेपी ग्लोबल समिट के दौरान आरोग्य पीठ, दिल्ली द्वारा एक ही स्थान पर एक साथ मरीजों का इलाज करने वाले न्यूरोथेरेपिस्टों की अधिकतम संख्या का रिकॉर्ड बनाया गया। महाराष्ट्र के चंद्रपुर के डॉ. किरमे शंकर नारायण ने आयुर्वेदिक हेयर रीग्रोथ चिकित्सा से सर्वाधिक लोगों का इलाज मुंबई भांडुप, महाराष्ट्र द्वारा बनाया गया। कर्नाटक के मुधोल की 12-वर्षीय देवाक्षी ग्रेस मुखर्जी ने सेव द चिल्ड्रेन (बाल रक्षा भारत) के साथ एक समझौते के तहत, अपने पिता के साथ 14,000 फीट ऊंचाई पर हिमालय में संदक्फू-फालुट ट्रेक पर 10 दिनों में 84 किमी चढ़ाई और 8,30,000 रुपए की धनराशि जुटाई।

# कर्तव्य पथ पर इस बार नहीं दिखेगी उत्तराखंड की झांकी

## भारत पर्व में उत्तराखंड की झांकी देखने को मिलेगी

देहरादून(उद संवाददाता) गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड में इस बार उत्तराखंड की झांकी नहीं होगी। जिसका कारण ये है कि केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाली झांकियों का तीन साल का रोस्टर तैयार किया है। जिससे देश के सभी राज्यों को अपनी-अपनी झांकियां प्रस्तुत करने का अवसर मिले। बीते तीन सालों से उत्तराखंड की झांकी परेड में शामिल हो रही थी इसलिए इस साल ये मौका उत्तराखंड को नहीं मिला है। गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड में भले ही उत्तराखंड की झांकी ना दिखे लेकिन



केंद्र सरकार की ओर से 23 से 31 जनवरी तक होने वाले भारत पर्व में उत्तराखंड की झांकी देखने को मिलेगी। बता दें कि इस बार विकसित उत्तराखंड की थीम पर झांकी को तैयार किया जा रहा है। सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग द्वारा झांकी का मॉडल भी तैयार कर लिया गया है। बता दें कि पिछले साल गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में उत्तराखंड की ओर से मानसखंड झांकी को भेजा गया था जिसने परेड में पहला स्थान प्राप्त किया था। बीते वर्ष मानसखंड की थीम पर झांकी को बनाया गया था। तो वहीं इस बार विकसित उत्तराखंड की थीम पर झांकी को तैयार किया जा रहा है।

# राम मंदिर के निमंत्रण पर सियासी महाभारत

कांग्रेस ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आमंत्रण को ठुकरा कर अपने ही पैरों में कुल्हाड़ी मारने का काम कर दिया है। इसका हश्र वहीं होगा, जो भगवान राम ने श्रीलंका पर आक्रमण करने से पहले शांति समझौते के प्रस्ताव को लेकर अंगद को लंका भेजा था। लेकिन अंहकारी रावण ने राम के प्रस्ताव को नकार कर अपनी मौत के साथ सत्ता का पराभव तो झेला ही, कुल का नाश भी कर बैठा। कांग्रेस ने भारतीय धर्म, इतिहास और संस्कृति के गौरव राम मंदिर उद्घाटन में शामिल नहीं होने का निर्णय लेकर बड़ी भूल की है। भारत के किसी भी राजनीतिक दल को नहीं भूलना चाहिए कि वे राम ही थे, जिन्होंने उत्तर से दक्षिण और कृष्ण ने पूरब से पश्चिम की यात्रा करके भारत को धार्मिक और सांस्कृतिक एकरूपता देने का अविस्मरणीय कार्य किया था। इसी एकरूपता की परंपरा के चलते आज भी भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता कायम है। राम की इसी महिमा को समझते हुए संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर और इस समिति के सदस्यों ने संविधान के प्रथम पृष्ठ पर राम दरबार का प्रकाशन किया हुआ है। क्योंकि आंबेडकर जानते थे कि संविधान की संहिताएं तो एक इबारत भर हैं, इनका पालन राम जैसे मर्यादा पुरुषोत्तम के प्रेरक अनुशासन से ही संभव है। लेकिन अपने ही पतन की ओर बढ़ रही कांग्रेस तुष्टिकरण की राजनीति से आज भी उभर नहीं पा रही है। जबकि भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने सिद्ध कर दिया है कि मुसलमान वोटों के बिना भी केंद्र और राज्य में सरकार बनाई जा सकती है। बावजूद सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में पार्टी नेता अधीर रंजन चौधरी इस पुनीत व भव्य आयोजन में भागीदारी नहीं करेंगे। असमंजस के दौर से गुजर रही कांग्रेस ने इस पूरे कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा का आयोजन बताते हुए किनारा करने का बहाना बनाया है। इसे कांग्रेस राजनीतिक कार्यक्रम-करार दे रही है। जबकि महात्मा गांधी से एक पादरी ने पूछा था कि 'क्या वे राम को भगवान के रूप में अवतार मानते हैं ?' तब गांधी ने उत्तर दिया, 'यदि आप भारतीय दर्शन के ज्ञाता हो तो यह समझ जाएंगे कि जीव मात्र परम सत्ता का अवतार ही है। हमारे बीच से जो लोग विभूतियों से संपन्न होते हैं, वे विशेष अवतार हो जाते हैं। इसी अर्थ में राम अवतार हैं और हम उन्हें भगवान मानते है, अतएव राम इतिहास पुरुष भी है और दिव्य अवतार भी।' राम की सांस्कृतिक-धार्मिक ऐतिहासिकता सिद्ध करने का इससे सार्थक कोई दूसरा उदाहरण कांग्रेस को अपने पूर्वजों से मिल नहीं सकता ? गोया, अपने पूर्वजों से सबक लेने की बजाय, कांग्रेस नेता शशि थरूर ने अयोध्या के राम मंदिर उद्घाटन को लेकर नरेंद्र मोदी की आलोचना तो की ही है, 14 फरवरी को अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में एक हिंदू मंदिर का उद्घाटन नरेंद्र मोदी से कराए जाने की भी निंदा की है। अपने ट्विटर हैंडल पर थरूर ने कहा है, 2024 में भाजपा अपने मूल संदेश पर लौटेगी और मोदी को हिंदू हृदय सम्राट के रूप में पेश करेगी। इसी साल के लोकसभा चुनाव में हिंदुत्व बनाम लोक-कल्याण को वास्तविक मुद्दा बना दिया जाएगा। खैर, अभिव्यक्ति की आजादी के चलते कोई कुछ भी कहें, इतना तय है कि इस राम-महोत्सव के



साथ भारत सांस्कृतिक-आध्यात्मिक राष्ट्रवाद की छाया में आगे बढ़ता दिखाई देगा। सनातन हिंदू संस्कृति ही अखंड भारत की संरचना का वह मूल गुण-धर्म है, जो इसे हजारों साल से एक रूप में पिरोये हुए है। इस एकरूपता को मजबूत करने की दृष्टि से भगवान परशुराम ने मध्यभारत से लेकर अरुणाचल प्रदेश के लोहित कुंड तक आतातार्इयों का सफाया कर अपना फरसा इसी कुंड के जल से धोया था, वहीं राम ने उत्तर से लेकर दक्षिण तक और कृष्ण ने पश्चिम से लेकर पूरब तक सनातन संस्कृति की स्थापना के लिए सामरिक यात्राएं कीं। इन्हीं यात्राओं से भारत का जनमानस सांस्कृतिक रूप से समरस हुआ। इसीलिए समूचे प्राचीन आर्यावर्त में वैदिक और रामायण व महाभारत कालीन संस्कृति के प्रतीक चिन्ह मंदिरों से लेकर विविध भाषाओं के साहित्य में मिलते हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की इन्हीं स्थापनाओं ने दुनिया के गणतंत्रों में भारत को प्राचीनतम गणतंत्र के रूप में स्थापित किया। यहां के मथुरा, पद्मावती और त्रिपुरी जैसे अनेक हिंदू राष्ट्र दो से तीन हजार साल पहले तक केंद्रीय सत्ता से अनुशासित लोकतांत्रिक गणराज्य थे। केंद्रीय मुद्रा का भी इनमें चलन था। लेकिन अतिरिक्त भक्ति, उदारता, सहिष्णुता, विदेशियों को शरण और वचनबद्धता जैसे भाव व आचरण में कुछ ऐसे उदात्त गुणों वाले दोश रहे, जिनकी वजह से भारत विडंबनाओं और चुनौतियों के ऐसे देश में बदलता चला गया कि विदेशी आक्रांताओं ने इन्हीं कमजोरियों को सत्ता पर काबिज होने का पर्याय मान लिया और वे भारत को परतंत्र बनाने में सफल भी हो गए। परंतु पिछले एक दशक में न केवल देशव्यापी, बल्कि भारतीय संदर्भ में विश्वव्यापी आश्चर्यजनक परिवर्तन देखने में आ रहे हैं। भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था है और हरेक विकसित देश भारत का सहयोगी बनने को उत्सुक है। मोदी के मंदिरों से जुड़े कायाकल्प केवल धार्मिक नहीं हैं, बल्कि वे अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और स्व-रोजगार के साथ आधुनिक और वैज्ञानिक विकास को भी मजबूत धरातल दे रहे हैं। आयोध्या में साढ़े पांच सौ सालों से आहत सनातन सभ्यता को नई गरिमा मिली है। आयोध्या में सुनहरे क्षितिज का भविष्य लिखते हुए वाल्मीकि हवाईअड्डा बन गया है, जो देश ही नहीं दुनिया में रहने वाले हिदू धर्मावलंबियों के लिए राम दर्शन की यात्रा आसान करेगा और भारत में विदेशी मुद्रा आएगी, साथ ही आयोध्या में स्थानीय रोजगारों को बल मिलेगा। वाराणसी, उज्जैन और अन्य धार्मिक पर्यटनों को दृष्टिगत रखते हुए ही दुनिया के सबसे बड़े 1000 विमानों की खरीद के आदेश एयर इंडिया और इंडिगो ने दिए हैं। हवाई यातायात की यह तेज गति विकसित होते भारत की बानगी तो है ही राष्ट्रीय एकता की संवाद-शक्ति भी बन रही है। मोदी सरकार इसी क्रम में केदारनाथ और बदरीनाथ धाम का पुनर्विकास कर रही है। नरेंद्र मोदी का यह आध्यात्मिक पुनर्जागरण का ऐसा उपाय है, जिससे स्वतंत्रता के बाद के सभी शासक कथित धर्मनिरपेक्षता आहत न हो जाए, इस कारण बचते रहे हैं। जबकि वाकई इन उपायों से ही भारत की संप्रभुता और अखंडता बहाल हुए हैं। जिनका 1400 साल पहले भारत भूमि पर इस्लाम के प्रवेश के बाद दमन होता चला आ रहा था। तलवार की धार से किए गए इस दमन का ही परिणाम था की लाखों हिंदू मुसलमान बन गए। जिन्होंने धर्म परिवर्तन नहीं किया, उन्हें मैला ढोने जैसे कार्यों के लिए मजबूर करके अपमानित व अभिशापित किया। किंतु अब समय का चक्र कुछ विपरीत दिशा में घूमने लगा है। अनेक प्रतिष्ठित मुस्लिम हस्तियां नए तथ्यों और साक्ष्यों से अवगत होकर न केवल अपनी मानसिकता को बदल रही हैं, बल्कि धर्म-परिवर्तन कर अपने मूल हिंदू धर्म में भी लौटने लगे हैं। इसी तरह के बदलाव की चेतना स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी देखने में आई थी। इसीलिए इसे भारतीय स्वाभिमान की जागृति का संग्राम भी कहा जाता है। राजनीतिक दमन और आर्थिक शोषण के विरुद्ध लोक-चेतना का यह प्रबुद्ध अभियान था। यह चेतना उत्तरोत्तर ऐसी विस्तृत हुई कि समूची दुनिया में उपनिवेशवाद के विरुद्ध मुक्ति का स्वर मुखर हो गया। परिणामस्वरूप भारत की आजादी एशिया और अफ्रीका की भी आजादी लेकर आई। भारत के स्वतंत्रता समर का यह एक वैश्विक आयाम था, जिसे कम ही रेखांकित किया गया है। इसके वनिस्पत फ्रांस की क्रांति की बात कही जाती है। निसंदेह इसमें समता, स्वतंत्रता एवं बंधुता के तत्व थे, लेकिन एशिया, अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका की अवाम उपेक्षित थी। अमेरिका ने व्यक्ति की निजी स्वतंत्रता और सुख के उद्देश्य की परिकल्पना तो की, परंतु उसमें स्त्रियां और हब्शी गुलाम बहिष्कृत रहे। मार्क्स और लेनिनवाद ने एक वैचारिक पैमाना तो दिया, किंतु वह अंतत: तानाशाही-साम्राज्यवादी मुखौटा साबित हुआ। इस लिहाज से स्वामी विवेकानंद और महात्मा गांधी के ही विचार थे, जो समग्रता में न केवल भारतीय हितों, बल्कि वैश्विक हितों की भी चिंता करते थे। इसी परिप्रेक्ष्य में विनायक दामोदर सावरकर ने प्रखर हिंदुत्व और दीनदयाल उपध्याय ने एकात्म मानवतावाद एवं अंत्योदय के विचार दिए, जो संसाधनों के उपयोग से दूर अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान की चिंता करते हैं। मोदी का यह सांस्कृतिक विकास और पर्यटन अंतिम छोर पर खड़े इसी व्यक्ति की आर्थिक आमदनी बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अतएव विपक्षी नेताओं की यह दलील थोथी है कि अर्थव्यवस्था और रोजगार की चिंता मोदी सरकार नहीं कर रही है।

-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार

# जिला अस्पताल में कमिश्नर के निरीक्षण के बाद चमकने लगे गंदे पड़े शौंचालय

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। कुमाऊं कनिश्नर ने दोनों जगह जाकर समस्त कमिश्नर की छामेमारी के बाद अस्पतासल प्रशासन हरकत में आया और शौंचालयों की सफाई की गई। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक आरके सिंहा और प्राचार्य केदार सिंह शाही ने कुमाऊं जन-औषधि केंद्र, ब्लड बैंक, पंजीकरण कक्ष, ओपीडी, दंत विभाग, रेडियोलॉजिक कक्ष, इमरजेंसी कक्ष, जनरल वार्ड और बच्चा वार्ड का गहनता से निरीक्षण किया। लगातार अस्पतालों एक घंटे से भी अधिक समय तक निरीक्षण किया। कुमाऊं कमिश्नर ने रजिस्टर में मौजूद खामियों को देखकर स्टोर इंचार्ज और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को जमकर लताड़ा। कुमाऊं





व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला अस्पताल पहुंचते ही कुमाऊं कमिश्नर ने सबसे पहले परिसर के बाहर मौजूद शौचालय की स्थिति देखी। इस दौरान उन्होंने शौचालयों में फैली गंदगी को एक घंटे में साफ करने के निर्देश दिये। कमिश्नर को जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में चल रहे चिकित्सीया उपचारों और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। कुमाऊं कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान एक्स-रे विभाग, अल्ट्रासाउंड मशीन, में औचक निरीक्षण का क्रम जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को रुद्रपुर पहुंचे।कुमाऊं कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान वहां मौजूद मरीजों से उनकी सम्सयाएं भी सुनी।दीपक रावत ने जिला अस्पताल औषधि भंडार का कमिश्नर ने कहा ऐसा लग रहा है कि जानबूझकर दवाईयां हरिद्वार से मंगाई जा रही है। जो दवाई खरीदी जा रही हैं उसमे अगर अनियमितता पाई जाती है, तो जांच की जाएगी और इसमें जिम्मेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेस ने घोषित की प्रदेश की सोशल मीडिया टीम

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तराखंड की सोशल मीडिया टीम घोषित कर दी है। सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी के मुताबिक विशाल मौर्या को प्रदेश प्रभारी और घनश्याम फुलेरा को प्रदेश संयोजक मनोनीत किया गया है। अंशु सक्सेना कार्यालय प्रभारी, कुलदीप जखमोला कार्यालय सह प्रभारी, मनोज रावत कार्यालय सह प्रभारी, एचएन चमोली मीडिया सदस्यता प्रभारी बनाए गए हैं। पिंकी पाठक सह प्रभारी, देवनजीत प्रदेश सोशल मीडिया डिजिटल प्रभारी, राजबीर कंडारी सह प्रभारी, वसीम अहमद सह प्रभारी, पुनित चौधरी ब्रॉडकास्टिंग प्रभारी, आदित्य जोशी सह प्रभारी बनाए गए। जबकि मंडल प्रभारियों में बलजीत सिंह गढ़वाल मंडल प्रभारी, अनिल नेगी गढ़वाल मंडल सह प्रभारी, किशोर कुमार कुमाऊं मंडल प्रभारी, प्रकाश जोशी



कुमाऊं मंडल सह प्रभारी, बृजभूषण बहुगुणा पछवादून प्रभारी, नईम अहमद सह प्रभारी, बलजीत सिंह पछवादून प्रभारी आशीष भारद्वाज देहरादून महानगर सह प्रभारी बनाए गए हैं। वीरेंद्र सिंह पछवादून सह प्रभारी, दिनेश सकलानी देव प्रयाग प्रभारी, मधुसूदन पौड़ी गढ़वाल प्रभारी, राम दयाल नौटियाल पौड़ी गढ़वाल सह प्रभारी, रुपेंद्र नेगी कोटद्वार प्रभारी, गणेश नेगी कोटद्वार सह प्रभारी, नीरज अग्रवाल रुड़की प्रभारी, नीरज ठाकुर रुड़की सह प्रभारी, आकाश बिडला हरिद्वार प्रभारी, फिरोज सिद्धीकी हरिद्वार सह प्रभारी, नोनियाल सिंह पुरोला प्रभारी, नंद किशोर नौटियाल टिहरी प्रभारी, बृजभूषण बहुगुणा टिहरी सह प्रभारी, मदन रावत चमोली प्रभारी, भुवन अवस्थी ऊधमसिंह नगर प्रभारी एवं शरद चंद शाह अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और नैनीताल प्रभारी बनाए गए हैं।

# खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक:कर्नाटक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। स्वर्गीय कुंदन सिंह गैलाकोटी क्रिकेट समिति द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें खासतिलारी, छानी, अलई, शील, सुपई, पांडेतोली ग्रामों की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच शील तथा खासतिलारी के मध्य खेला गया जिसमें शील की टीम विजयी रही। क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल मुकाबले में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।टूर्नामेंट के समापन के अवसर पर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि युवाओं में खेल की भावना का होना बेहद अनिवार्य है। खेल जहां हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक है वहीं शारीरिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने युवाओं से अपील की कि सभी



युवा आज समाज में तेजी से फैल रहे नशे रूपी दानव से दूर रहें एवं अपने करियर पर फोकस करें। इसके पश्चात श्री कर्नाटक के द्वारा विजेता टीम एवं खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए गए।इस अवसर पर ग्रामप्रधान खासतिलारी जगदीश राम, क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय तिलारा पूर्व प्रधान शोभन राम,गोविंद सिंह सुप्यालगिरीश जोशी,विजय,कमल गोपाल जीना, दिनेश सुप्याल, विक्रम सिंह गैलाकोटी, भास्कर, गिरीश बिष्ट,रमेश जोशी, देवेन्द्र कर्नाटक आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने लिया ठंड से बचाव की व्यवव्थाओं का जायजा

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। कड़ाके की ठंड में लोगों को राहत देने के लिए शहर में अलाव व रैन बसेरा में पहुंची एसडीएम रेखा कोहली ने जायजा लिया। गुरवार देर रात कालाढूंगी मुख्य बैसटेंड पहुंची एसडीएम कोहली तहसीलदार प्रियंका रानी ने गरीबों को कंबल वितरित किए। प्रदेश में अचानक बढ़ी ठंड और तेज हवाओं के गलन से आमजनमानस को बचाने के लिये तहसील एवं नगर पंचायतों द्वारा किये जा रहे इंतजामो को परखने के लिए डीएम बंदना के फरमान के बाद देर रात एसडीएम रेखा कोहली तहसीलदार प्रियंका रानी ने नगर पंचायत में अचानक दौरा किया।नगर पंचायतों द्वारा जलाए जा रहे अलाव एवं अस्थायी बनाये गए रेन बसेरों की जमीनी हकीकत जानने के बाद मातहतों को



माकूल व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा एडीएम कोहली ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंदों को कंबल उपलब्ध कराया। कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों ने काफी राहत महसूस की। इस दौरान एडीएम रेखा कोहली तहसीलदार प्रियंका रानी, थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत,एसआई गगनदीप दीप, इमरान खान, गौरव, कानूनगो आदि पार्शनिक मौजूद थे।

# स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर बनाये स्वास्थ्य कार्ड

लोहाघाट (उद संवाददाता)। प्रदेश में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्वास्थ्य विभाग चंपावत के द्वारा शिविर लगाकर आयुष्मान भारत योजना के तहत लोगों के स्वास्थ्य कार्ड बनवाए जा रहे हैं तथा लोगों को स्वास्थ्य कार्ड के फायदे बताते हुए स्वास्थ्य कार्ड बनाने को प्रेरित किया जा रहा है वही गुरुवार को लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय की चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर सोनाली मंडल ने जानकारी देते हुए बताया विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जगह-जगह शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे हैं स्वास्थ्य विभाग का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य कार्ड बनाना है जिसके लिए आशा कार्यत्रियों, एएनम व सीएचओ की मदद ली जा रही है तथा चिकित्सालय में लगातार लोगों के स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा रहे हैं। डॉक्टर मंडल ने बताया अभी तक ब्लॉक में 50% से अधिक लोगों के कार्ड बन चुके हैं तथा कार्य जारी है उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्ड बनाकर 5 लाख तक का इलाज में लाभ लेने की अपील करी है वही आशा



कार्यकत्री संगठन जिलाध्यक्ष सरस्वती पुनेठा ने बताया आयुष्मान कार्ड बनाने में आशाएं अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं प्रत्येक आशा के द्वारा 20 से 25 लोगों को स्वास्थ्य कार्ड बनाने के लिए लाया जा रहा है इसी के साथ गांव में लोगों को स्वास्थ्य कार्ड के फायदे बताते हुए स्वास्थ्य कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है वही पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नेटवर्क की दिक्कत तथा कई लोगों के आधार लिंक न होने से स्वास्थ्य कार्ड बनाने में दिक्कत भी नजर आ रही है वही लोग बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कार्ड बनाते हुए नजर आ रहे हैं तथा सरकार को धन्यवाद दे रहे हैं।

# उत्तरायणी कार्यक्रम स्थल पर वैदिक मंत्रोचारण के साथ किया भूमि पूजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति (शैल परिषद) में आज भूमिपूजन कार्यक्रम के साथ उत्तरायणी कार्यक्रम वैदिक मंत्रोचार के साथ ज्योतिषाचार्य सतीश लोहनी ने स्थल पूजन किया गया। परिषद की महिला सदस्यों ने मंगल गीत, शगुन आखर से समा बांधा। आयोजकों ने उत्तरायणी राजेंद्र सिंह बोरा, महेश कांडपाल, जगदीश सिंह बिष्ट, दिनेश बम, कीर्ति निधि शर्मा, सतीश ध्यानी, धीरज पांडे, संजीव बुधोरी, हरीश मिश्रा, राजेंद्र



महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रवासियों से पहुंचने की अपील की। स्थल पूजन एवं हवन में शैल सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह पटवाल, महामंत्री एडवोकेट दिवाकर पांडे, संरक्षक भारत लाल शाह, नवीन चंद पांडे, लीलांबर जोशी, मोहन सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष दया किशन दनाई, उपाध्यक्ष मोहन चंद उपाध्याय, बलोदी, अवतार सिंह बिष्ट, सुधा पटवाल, कमलेश बिष्ट, विनीत पांडे, सुनीता पांडे, नीलम कांडपाल, चंदा बम, गीता बिष्ट, किरन बोरा, आशा लोहनी, कुमकुम उपाध्याय, हेम पंत, सतीश लोहनी, डॉ ललित मोहन उप्रेती, हरीश मिश्रा, नरेंद्र रावत, शैलेंद्र रावत, हरीश दनाई, दिनेश चंद भट्ट, दान सिंह मेहरा, गगन कांडपाल आदि उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**अंबेडकर पार्क में ठेलियां...**धूमधाम से मनाई जाती है। साथ ही अन्य सामाजिक, राजनैतिक संगठनों द्वारा भी कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी संविधान निर्माता के नाम से स्थापित इस पार्क में संविधान के विपरीत कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि यदि कल 13 जनवरी तक अंबेडकर पार्क को ठेलियों ने मुक्त नहीं कराया गया तो व्याापक आन्दोलन शुरू कर दिया जायेगा। इस दौरान उनकी सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल व कोतवाल धीरेन्द्र कुमार से भी वार्ता हुई। जिनसे सभी ठेली स्वामियों को नगर में अन्य स्थान पर कारोबार करने के लिए स्थान उपलब्ध कराकर अंबेडकर पार्क कल तक खाली कराने को कहा। प्रदर्शन करने वालों में इरशद अली, वीर सिंह, गोपाल गौतम, सुशील कुमार, राजेन्द्र कुमार, सुनील रस्तोगी, राजकुमार, विवेक कुमार जाटव, सुरेश कुमार भारती, वकील अहमद मंसूरी, दीपक सागर, उमेश कुमार, छोटेलाल सहित कई लोग शामिल थे।

**संदिग्ध हालातों में ..**उसकी पीठ में धंसी गोली निकाल ली गई। अब राजू की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं टीपी नगर चौकी प्रभारी सुशील जोशी का कहना है कि इस मामले में अभी तहरीर नहीं मिली है, अगर तहरीर आई तो कार्रवाई की जाएगी।

**दोषी अधिकारियों के.**की मांग की है। भुवन चंद्र पोखरियाल ने दूध में मेलामाइन एल्कोहल मिलाने वाले दोषी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात भी कही है। साथ ही उन्होंने प्रत्येक दुग्ध डेयरी में मशीनों की जांच कर पारदर्शिता से दूध खरीद करने की भी मांग की है। साथ ही चेतावनी भी दी है कि एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। निदेशक डेयरी विकास को भेजे गए ज्ञापन में भूपेश जोशी, चंद्रशेखर जोशी, राकेश पाण्डे, राकेश महतोलिया, विवेक चंदोला, योगेश भट्ट, हरीश पाठक, पंकज भट्ट, अमनदीप, गुरूचरण, मधु चौबे आदि के हस्ताक्षर हैं।

**अंबेडकर पार्क में....** इस बात को लेकर गलत अफवाहें फैला रहे हैं उनसे सख्ती से निपटा जायेगा। उन्होंने कहा कि अंबेडकर पार्क में सफाई हमेशा बनी रहे इसके लिए निगम को विशेष निर्देश दिये गये हैं। इस दौरान उनके साथ सुरेश कोली, सोनू खुराना, गुलशन नारंग, सुरेश शर्मा सुभाष गुप्ता, मयंक कक्कड़, सुभाष रस्तौगी आदि मौजूद थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उत्तराखंड पुलिस में लागू होगी इंटरनेट नीति

## उत्तराखंड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने विस्तृत सख्त प्रतिबंधित दिशा निर्देश जारी किये

**सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस की वर्दी में क्रियाकलापों सहित लाईव टेलीकास्ट और पोस्ट प्रसारित करना, थाना, पुलिस लाइन, कार्यालय के निरीक्षण, पुलिस ड्रिल व फायरिंग में भाग लेने, शिकायतकर्ता के संवाद का लाइव टेलीकास्ट व वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित करना भी प्रतिबंधित होगा**






देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय प्रशासन ने डीजीपी अभिनव कुमार द्वारा सरकारी दस्तावेजों की गापनीयता और कानून व्यवस्था के दौरा पुलिस कर्मियों के क्रियाकलापों को सोशल मीडिया पर प्रसारित अथवा पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगाने के लिए कई अहम दिशा निर्देश जारी किये है। ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर इनटरनेट नीति तैयार की गई है। पुलिसकर्मियों के लिए सोशल मीडिया पर मर्यादा तय की गई है। इस नीति के तहत कुल 41 तरह के क्रियाकलापों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। कोई भी पुलिसकर्मी वर्दी, सरकारी वाहन या दफ्तर में सोशल मीडिया के लिए रील या फोटो नहीं बना सकेगा। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों के लिए पांच क्रियाकलापों को शर्त के साथ छूट प्रदान की गई है। इस संबंध में कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार ने बृहस्पतिवार को विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए हैं। पुलिस के मुख्य प्रवक्ता डॉ. निलेश आनंद भरणे ने बताया कि बीते कुछ समय से देखने में आ रहा था कि पुलिसकर्मी वर्दी में सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। इसके साथ ही बहुत से प्लेटफार्म पर सरकारी आदेशों को भी हूबहू प्रसारित किया जा रहा था। इसके लिए पुलिस मुख्यालय में गहन विचार-विमर्श के बाद इंटरनेट मीडिया नीति बनाई गई है। इसमें देश में प्रचलित कई नियमों का भी हवाला दिया गया है। साथ ही ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डवलपमेंट की ओर से निधरित दिशा निर्देशों को भी इस नीति में शामिल किया गया है। नई नीति में इंटरनेट मीडिया अकाउंट की सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी के लिए सुझाव भी दिए गए हैं। इन दिशा निर्देशों का पालन न करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बहुत से अधिकारी और कर्मचारियों के अपने यूट्यूब चैनल हैं। इनसे उन्हें अच्छी खासी आय भी होती है। मगर, इस नई नीति के अनुसार कोई भी पुलिसकर्मी इस तरह के चैनल या क्रियाकलापों से आय प्राप्त नहीं कर सकते हैं। यदि ऐसा जरूरी भी है तो इसके लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। मुख्य प्रवक्ता ने बताया कि इस पूरी नीति में हर प्रकार से पुलिसकर्मियों के हितों का ध्यान रखा गया है। साथ ही कर्मचारी नियमावली में दिए गए दिशा निर्देशों से भी उन्हें अवगत कराया गया है। **पुलिस कर्मचारियों के लिए प्रतिबंधित क्रियाकलापों के प्रमुख गाईडलाईन के अनुसार** सरकारी कार्य के दौरान अपने कार्यालय व कार्यस्थल पर वर्दी में वीडियो व रील बनाने और किसी भी कार्मिक की ओर से अपने व्यक्तिगत इंटरनेट मीडिया के प्लेटफार्म पर लाइव टेलीकास्ट प्रतिबंधित होगा। ड्यूटी के बाद भी वर्दी पहने किसी भी प्रकार की ऐसी वीडियो जिससे पुलिस की छवि धूमिल होती हो, इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। थाना, पुलिस लाइन, कार्यालय के निरीक्षण, पुलिस ड्रिल व फायरिंग में भाग लेने का लाइव टेलीकास्ट और कार्रवाई से संबंधित वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित नहीं होंगे। कार्यस्थल से संबंधित किसी वीडियो के जरिये शिकायतकर्ता के संवाद का लाइव टेलीकास्ट व वीडियो इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित करना भी प्रतिबंधित होगा। पुलिसकर्मी की ओर से सरकारी और व्यक्तिगत इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोचिंग, लेक्चर, लाइव प्रसारण, चेट, वेबिनार इत्यादि में आमंत्रित किए जाने पर उसमें भाग लेने से पहले अपने वरिष्ठ अधिकारी को सूचित कर अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म से किसी भी व्यक्तिगत, व्यवसायिक कंपनी या उत्पाद व सेवा का प्रचार-प्रसार किया जाना प्रतिबंधित किया गया है। पुलिस कार्मिकों की ओर से ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की जाएगी, जो उन्हें अपनी विभागीय नियुक्ति के कारण प्राप्त हुई हो। किसी भी गोपनीय सरकारी दस्तावेज, हस्ताक्षरित रिपोर्ट या पीड़ित के प्रार्थनापत्र को सरकारी या व्यक्तिगत इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर नहीं डाला जाएगा। किसी भी यौन शोषित पीड़िता या किशोर व किशोरी और विधि विवादित किशोर (जुवेनाइल आफेन्डर्स) की पहचान या नाम व अन्य संबंधित विवरण सरकारी और व्यक्तिगत इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर उजागर नहीं किया जाएगा। जिन आरोपियों की शिनाख्त परेड बाकी है उनका चेहरा इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित नहीं होगा। पुलिस के 'सराहनीय कार्य' से संबंधित पोस्ट में आरोपियों की फोटो व वीडियो सरकारी और व्यक्तिगत इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर ब्लर करने के बाद ही प्रसारित होगी।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का शंख बजा कर स्वागत करेगा वाल्मीकि समाज

लोहाघाट (उद संवाददाता)। 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लोहाघाट में वाल्मीकि समाज शंख बजा कर स्वागत करेगा। बुधवार से तीलू रोतेली पुरस्कार विजेता व स्वागतम ईजा संस्था की अध्यक्ष रीता गहतोड़ी के द्वारा वाल्मीकि समाज को शंख बजाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भव्य राम मंदिर बनने पर 22 जनवरी को हो रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर खुशी जताते हुए वाल्मीकि समाज के लोगों ने कहा इस अवसर पर वाल्मीकि समाज संख ध्वनि के साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की खुशी मनाएगा। वही तीलू रौतेली पुरस्कार विजेता रीता गहतोड़ी ने कहा इस अवसर पर वाल्मीकि समाज की शंख ध्वनि अयोध्या और संसद तक गूंजेगी। उन्होंने कहा उनके द्वारा वाल्मीकि समाज को शंख बजाना सिखाया जा रहा है। रीता ने कहा वाल्मीकि समाज हिंदू समाज का अभिन्न अंग है। महर्षि वाल्मीकि के द्वारा ही रामायण लिखी गई थी। इस कार्यक्रम के द्वारा वाल्मीकि समाज के लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने की कोशिश करी जा रही है। रीता ने कहा आयुर्वेद व डॉक्टरों के अनुसार हृदय व फेफड़े संबंधी रोगों में शंख बजाना सबसे कारगर उपचार है। उन्होंने कहा वाल्मीकि समाज सवेरे से ही सड़कों में धूल और गंदगी के बीच काम करते हैं जिस कारण उन्हे फेफड़ों व गले का इन्फेक्शन हो जाता है। रीता ने कहा शंख बजाने से उनकी श्वसन क्रिया मजबूत होगी और वह निरोग रहेंगे तथा उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी। वहीं वाल्मीकि समाज के लोगों ने कहा ब्राह्मण होकर भी रीता दीदी उनके बीच आती है और उन्हें शंख बजाना सिखा रही है तथा लंबे समय से वे वाल्मीकि समाज के बच्चों की शिक्षा दीक्षा के लिए कार्य कर रही है तथा नशा मुक्त अभियान के तहत वाल्मीकि समाज के लोगों को नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर रही है जिसके लिए वह रीता गहतोड़ी को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा अब से वह रोज शंख बजाएंगे तथा 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को शंख बजाकर दीप जलाकर धूमधाम से मनाएंगे। इस मौके पर रंजीत , दलीप,बलजीत,राजेंद्र ,सुखराम ,समीर, समंथा ,सुखलेश, प्रिया ,कशिश, मुस्कान, अंशु ,बुद्ध सैन ,रमादेवी, बलवीर, सुनीता ,हिना, नीरज, आदि मौजूद रहे।





